**कार्यालय, आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन,**
**सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004**

क्रमांक– 1346/269/आउशि/शा–5'अ'/2022, भोपाल, दिनांक 20/10/2022

प्रति,

1. **कुलसचिव,**
   समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश
2. **सचिव,**
   निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, म.प्र., भोपाल.
3. **प्राचार्य,**
   समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

**विषय– अखिल भारतीय कालिदास समारोह के आयोजन के संबंध में।**

**संदर्भ–** सचिव, अखिल भारतीय कालिदास समारोह, सिन्धिया प्राच्यविद्या शोध प्रतिष्ठान, देवास मार्ग, उज्जैन का पत्र क्रमांक : कास/22/706–1700 दिनांक 22.08.2022.

—0—

उपरोक्त विषयान्तर्गत सचिव, अखिल भारतीय कालिदास समारोह, सिन्धिया प्राच्यविद्या शोध प्रतिष्ठान, देवास मार्ग, उज्जैन का पत्र क्रमांक : कास/22/706–1700 दिनांक 22.08.2022 एवं नियमावली एवं पुरस्कार योजना की प्रति संलग्न कर अपकी ओर प्रेषित है।

अतः कुलसचिव, समस्त विश्वविद्यालय, सचिव, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग एवं प्राचार्य, समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश, अखिल भारतीय कालिदास समारोह में प्रभारी प्राध्यापक के साथ चयनित विद्यार्थियों सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न–उपरोक्तानुसार,

20/10/22

(डॉ. धीरेन्द्र शुक्ल)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

क्रमांक: 1347/269/आउशि/शा–5'अ'/2022 भोपाल, दिनांक 20/10/2022

प्रतिलिपि:

1. निज सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
2. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
3. निज सहायक, अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल मध्यप्रदेश।
4. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।

.........की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

URGENT

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च
शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

प्रति, समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/निदेशक विक्रम विवि परिक्षेत्र के महाविद्यालय, अध्ययनशाला, संस्थान की ओर निर्देशानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित। 20/10/2022
Proctor.

प्रो. शैलेन्द्र शर्मा
कुगु
20/10/22

21-10-22

कालिदास समिति

विक्रम विश्वविद्यालय

Accredited 'A' Grade by NAAC

**सिन्धिया प्राच्यविद्या शोध प्रतिष्ठान, देवास मार्ग, उज्जैन- 456 010 (म.प्र.)**
मोबाइल : 98260-47765 (वाट्सअप), दूरभाष : (का.) 0734-2515400, (आ.) 2512856
फैक्स: 0734-2514276, ई-मेल : E-mail : shailendrakumarsharmaprof@gmail.com

**प्रो. शैलेन्द्र कुमार शर्मा**
सचिव

क्रमांक : कास/22/706-1700
दिनांक : 22/08/2022

# अखिल भारतीय कालिदास समारोह

देवप्रबोधनी एकादशी से मार्गशीर्ष कृष्ण द्वितीया विक्रमाब्द 2079, 04 नवम्बर से 10 नवम्बर 2022

## अन्तर्महाविद्यालयीन कालिदास काव्यपाठ एवं हिन्दी वादविवाद प्रतियोगिता

प्रति,
**अध्यक्ष,**
**मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध समस्त अध्ययनशालाएँ / शिक्षण विभाग**
तथा
**प्राचार्य,**
**मध्यप्रदेश के समस्त महाविद्यालय**

महोदय/महोदया,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि मध्यप्रदेश शासन, कालिदास संस्कृत अकादेमी तथा विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के तत्त्वावधान में आयोजित कालिदास समारोह इस वर्ष **शुक्रवार दिनांक 04 नवम्बर से गुरुवार दिनांक 10 नवम्बर 2022** तक सम्पन्न होगा। इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्रों के लिए निम्नानुसार दो कार्यक्रम आयोजित हैं।

आपसे सानुरोध निवेदन है कि दोनों प्रतियोगिताओं के लिए अपने महाविद्यालय से प्रतिनिधि छात्र दल नियुक्त करने की कृपा करें।

1. **अन्तर्महाविद्यालयीन कालिदास काव्यपाठ प्रतियोगिता**

यह प्रतियोगिता **बुधवार दिनांक 09 नवम्बर 2022 को प्रातः 9:00 बजे से** कालिदास सभागार, सिन्धिया प्राच्यविद्या शोध प्रतिष्ठान, उज्जैन में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक महाविद्यालय से दो छात्रों का एक दल भाग ले सकता है। प्रत्येक छात्र को श्लोकपाठ के लिए 5 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार संस्कृत श्लोकों का चयन महाकवि कालिदास की अमर कृति **मालविकाग्निमित्रम्** से करना होगा।

2. **अन्तर्महाविद्यालयीन कालिदास हिन्दी वादविवाद प्रतियोगिता**

यह प्रतियोगिता **बुधवार दिनांक 09 नवम्बर 2022 को दोपहर 2:00 बजे** से कालिदास सभागार, सिन्धिया प्राच्यविद्या शोध प्रतिष्ठान, उज्जैन में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में दो छात्रों का एक दल (एक पक्ष में और एक विपक्ष में) भाग ले सकता है। हिन्दी वादविवाद प्रतियोगिता के लिए निर्धारित विषय निम्न प्रकार है –

**महाकवि कालिदास की रचनाओं में राजवैभव का स्पष्ट वर्णन हुआ है, लोकजीवन का नहीं।**

वादविवाद प्रतियोगिता के लिए छात्रों के नाम के साथ पक्ष विपक्ष का निर्देश आवश्यक है। योग्यता के अनुसार किसी छात्र को दोनों प्रतियोगिताओं में भी सम्मिलित किया जा सकता है। प्रतियोगिता के नाम संलग्न प्रारूप में **दिनांक 09 नवम्बर 2022** तक इस कार्यालय में प्राप्त होना आवश्यक है। प्रविष्टि पर महाविद्यालय/शिक्षण विभाग के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष द्वारा अभिप्रमाणित प्रतियोगी का छायाचित्र लगा होना अनिवार्य है। **उज्जैन पहुँचने पर प्रत्येक प्रतियोगी को दो सौ रुपये पंजीयन शुल्क जमा करना आवश्यक है। दल व्यवस्थापक के लिए यह शुल्क एक हजार रुपये है।** छात्रों को अपनी-अपनी प्रतियोगिता प्रारम्भ होने के एक घण्टा पूर्व अपनी उपस्थिति अंकित करानी होगी। समिति प्रतियोगी छात्रों का यात्रा व्यय वहन नहीं करेगी। विशेष जानकारी के लिए प्रतियोगिताओं की नियमावली एवं पुरस्कार योजना संलग्न है।

भवदीय

(प्रो. शैलेन्द्र कुमार शर्मा)

प्रतियोगिताओं की नियमावली तथा प्रविष्टि प्रारूप के लिए कृपया पृष्ठ उलटिए।

# कालिदास समिति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

## नियमावली एवं पुरस्कार योजना

### अन्तर्महाविद्यालयीन कालिदास काव्यपाठ प्रतियोगिता

1. प्रतिवर्ष कालिदास समारोह पर आयोजित इस प्रतियोगिता में केवल मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयीन अध्ययनशालाओं तथा महाविद्यालयों के नियमित छात्र/छात्राएँ ही भाग ले सकेंगे जो स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत हैं।
2. इस प्रतियोगिता में प्रत्येक महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों की संख्या दो से अधिक नहीं होगी।
3. प्रतियोगिता के लिए छात्रों को **पाँच मिनट** का समय दिया जाएगा। छात्र अपनी रुचि से श्लोकों का चयन कर सकते हैं, परन्तु वे श्लोक समिति द्वारा पूर्व घोषित कृति से ही चुने जा सकते हैं।
4. पुरस्कार के निर्णय में प्रतियोगी की स्मरण शक्ति, विशुद्ध उच्चारण, अर्थबोध तथा अभिव्यक्ति की शैली पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। किसी भी प्रकार के संगीत उपकरण का प्रयोग वर्जित है।
5. प्रतियोगिता के लिए व्यक्तिशः सर्वाधिक अंकों के आधार पर पुरस्कार योजना निम्न प्रकार रहेगी –

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | रुपये 3000/- | कमलेश मिश्र स्मृति पुरस्कार |
| द्वितीय पुरस्कार | रुपये 2000/- | मधुरिका गिरीशचन्द्र त्रिवेदी स्मृति एवं कालिदास समिति पुरस्कार |
| तृतीय पुरस्कार | रुपये 1400/- | संकर्षण व्यास स्मृति एवं कालिदास समिति पुरस्कार |
| प्रोत्साहन पुरस्कार (दो) | रुपये 800/- (प्रत्येक) | कालिदास समिति पुरस्कार |

6. प्रत्येक महाविद्यालय के दोनों प्रतियोगियों के प्राप्तांकों के योग के आधार पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले महाविद्यालय को स्वर्गीय श्री संकर्षण व्यास आवर्तक रजतफलक प्रदान किया जाएगा।
7. प्रतियोगिता में विजेता महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय, आवर्तक रजतफलक को सुरक्षित रूप में रखने तथा अग्रिम कालिदास समारोह के पूर्व लौटाने लिए उत्तरदायी होंगे।
8. प्रत्येक प्रतियोगी को संस्था प्रमुख द्वारा अभिप्रमाणित अपना छायाचित्र सहित परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा।
9. पुरस्कारों के सम्बन्ध में निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम होगा।
10. कालिदास समिति को इन नियमों का संशोधित करने का अधिकार होगा तथा जिन बातों का उल्लेख नियमावली में नहीं है, उनका निर्णय माननीय कुलपति महोदय करेंगे।

### अन्तर्महाविद्यालयीन कालिदास हिन्दी वादविवाद प्रतियोगिता

1. प्रतिवर्ष कालिदास समारोह पर आयोजित इस प्रतियोगिता में केवल मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयीन अध्ययनशालाओं तथा महाविद्यालयों के नियमित छात्र/छात्राएँ ही भाग ले सकेंगे जो स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत हैं।
2. विश्वविद्यालयीन अध्ययनशालाओं तथा महाविद्यालयों द्वारा भेजे गये दल में से एक प्रतियोगी को विषय के पक्ष में तथा दूसरे को विपक्ष में बोलना होगा।
3. प्रत्येक वक्ता को अपने वक्तव्य के लिए **पाँच मिनट** का समय दिया जाएगा।
4. सर्वाधिक अंकों के आधार पर विजेता प्रतियोगियों को निम्नानुसार पाँच नगद पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे –

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | रुपये 3000/- | चुन्नीलाल बुधौलिया स्मृति एवं कालिदास समिति पुरस्कार |
| द्वितीय पुरस्कार | रुपये 2000/- | डॉ. देवेन्द्र मिश्र स्मृति एवं कालिदास समिति पुरस्कार |
| तृतीय पुरस्कार | रुपये 1400/- | डॉ. देवेन्द्र मिश्र स्मृति एवं कालिदास समिति पुरस्कार |
| प्रोत्साहन पुरस्कार (दो) | रुपये 800/- | कालिदास समिति पुरस्कार |

5. पक्ष तथा विपक्ष में अर्जित अंकों को मिलाकर जिस संस्था का दल सर्वाधिक अंक प्राप्त करेगा, उस संस्था के प्राचार्य, विमलचन्द सेठी आवर्तक रजतफलक को सुरक्षित रूप में रखने तथा अग्रिम कालिदास समारोह के पूर्व लौटाने के लिए उत्तरदायी होंगे।
6. कु. रश्मि सेठिया स्मृति रजत पदक सर्वश्रेष्ठ छात्रा प्रतियोगी को प्रदान किया जाएगा। साथ ही, दोनों छात्रा प्रतियोगियों का जो दल सर्वाधिक अंक प्राप्त करेगा उस संस्था के प्राचार्य कु. रश्मि सेठिया स्मृति आवर्तक रजतफलक को सुरक्षित रूप से रखने तथा अग्रिम कालिदास समारोह के पूर्व समिति को लौटाने के लिए उत्तरदायी होंगे।
7. वादविवाद प्रतियोगिता के सम्बन्ध में निर्णायकगण का निर्णय ही सर्वमान्य होगा।
8. वादविवाद प्रतियोगी को संस्था प्रमुख द्वारा अभिप्रमाणित अपना छायाचित्र सहित परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा।
9. पुरस्कारों के सम्बन्ध में निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम होगा।
10. कालिदास समिति को इन नियमों को संशोधित करने का अधिकार होगा तथा जिन बातों का उल्लेख नियमावली में नहीं है, उनका निर्णय माननीय कुलपति महोदय करेंगे।

# अखिल भारतीय कालिदास समारोह

विक्रमाब्द 2079 – 2022 ई.

कालिदास समिति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

## अन्तर्महाविद्यालयीन कालिदास काव्यपाठ प्रतियोगिता प्रविष्टि-पत्र

शिक्षण विभाग/महाविद्यालय का नाम ____________________

**प्रतियोगी क्रमांक एक**

नाम ____________________

कक्षा ____________________

**प्रतियोगी क्रमांक दो (यदि हो तो)**

नाम ____________________

कक्षा ____________________

✂ ✂ ✂

# अखिल भारतीय कालिदास समारोह

विक्रमाब्द 2079 – 2022 ई.

कालिदास समिति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

## अन्तर्महाविद्यालयीन कालिदास काव्यपाठ प्रतियोगिता प्रविष्टि-पत्र

शिक्षण विभाग/महाविद्यालय का नाम ____________________

**प्रतियोगी क्रमांक एक (पक्ष)**

नाम ____________________

कक्षा ____________________

**प्रतियोगी क्रमांक दो (विपक्ष)**

नाम ____________________

कक्षा ____________________

पक्ष एवं विपक्ष में एक-एक प्रतियोगी होना अनिवार्य है। केवल पक्ष अथवा विपक्ष की प्रविष्टि अमान्य होगी।